कृषि महाविद्यालय, जोधपुर

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

COLLEGE OF AGRICULTURE, JODHPUR

AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR

Prof. B.S. Bhimawat
Dean & Faculty Chairman

Phone: 0291-2572565 (O)
email: coajodhpur@gmail.com

Date: 19.08.2020

"कोविड–19 का कृषि व शिक्षा पर प्रभाव" प्रतियोगिता का कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा आयोजन

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के तहत एक राष्ट्र–स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता ***"कोविड–19 का कृषि व शिक्षा पर प्रभाव"*** का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निबंध लेखन व पोस्टर निर्माण इन दो प्रतिस्पर्धाओं को शामिल किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 30 जून 2020 के मध्य किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर के राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के करीब 1000 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं संकाय अध्यक्ष और पी.आई. –राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना प्रोफेसर बी एस भीमावत, सहायक आचार्य डॉ. कृष्णा सहारण एवं राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के स्टाफ के सहयोग से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणाः



माननीय कुलपति महोदय द्वारा विजेता राषि का चैक प्रदान किया गया

उक्त राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों का स्क्रिनिंग के पष्चात् विष्वविद्यालय द्वारा गठित एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा मूल्यांकन करने के पश्चात् समिति द्वारा अनुषंषा के आधार पर विजेताओं की घोषणा की गई जिनका विवरण निम्नानुसार हैं–

क्र. सं.	प्रतिभागी का नाम	विष्वविद्यालय का नाम	ईनाम राषि व स्थान
निबंध लेखन प्रतियोगिता			
1.	भूमिका एस	University of Agricultural Sciences Dharwad	प्रथम 5000 / –
2.	अंकित तिवारी	SVPUAT Modipuram Meerut 250110	द्वितीय 3000 / –
3.	ऋतु यादव	Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University	तृतीय 1500 / –
पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता			
4.	एस अभिषेक	University Of Horticultural Sciences, Bagalkot	प्रथम 5000 / –
5.	जे चन्द्रषेखर	Acharya Ng Ranga Agricultural University	द्वितीय 3000 / –
6.	कुमारी वैष्णव	Acharya Narendra Deva University Of Agriculture And Technology Kumarganj Ayodhya	तृतीय 1500 / –

विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर बी आर चौधरी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं जो प्रतिभागी इस प्रतियोगिता के

टॉप तीन में जगह नहीं बना पायें उनको जीवन में इस तरह की प्रतियोगिताओं से सीख लेकर स्वयं को ओर अधिक निखारने की दिषा में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर चौधरी ने डॉ भारत सिंह भीमावत, अधिष्ठाता को समय की मांग अनुसार इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए बधाई दी एवं भविष्य में इसी प्रकार के अन्य आयोजन और करने की भी इच्छा प्रकट की। इस अवसर पर डॉ भीमावत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए माननीय कुलपति महोदय का आभार व्यक्त किया एवं अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए बताया की इस तरह के आयोजन से बच्चों में हौसला बढ़ेगा एंव विद्यार्थियों को एक राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता का मंच मिलेगा। साथ ही डॉ भीमावत ने इस प्रतियोगिता के आयोजन को एक सफल टीम वर्क के उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया एवं डॉ सहारण समेत समूचे टीम की भीनी–भीनी प्रषंसा की।

अधिष्ठाता